Smart Cities for All

सबके लिए स्मार्ट शहर टूलकिट

इस टूलकिट में ऐसे संसाधन हैं जो विश्व भर के स्मार्ट शहरों को आईसीटी सुगम्यता पर और अक्षमता वाले व्यक्तियों और बुजुर्ग जनों के डिजिटल समावेशन पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं।

यह टूलकिट स्मार्ट शहरों से संबंधित विविध संगठनों और भूमिकाओं को समर्थित करता है, जैसे कार्यक्रम प्रबंधक, नीति-निर्माता, मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ), सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर, शिक्षा-विद, प्राप्ति अधिकारी, सुगम्यता विशेषज्ञ, स्मार्ट शहरों के तकनीकी आपूरक, स्मार्ट शहरों के लिए सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग और समाधान अभिकल्पित करने वाले डेवलपर, और अक्षमता संगठन और अधिवक्ता।

सबके लिए स्मार्ट शहर: प्राथमिकतापूर्ण आईसीटी सुगम्यता मानक लागू करने के लिए एक मार्गदर्शिका

स्मार्ट शहरों के लिए अधिक समावेशी अभिगम विकसित करने के कार्य में सुगम्य सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) तकनीकी मानक केंद्रीय महत्व रखते हैं।
यह मार्गदर्शिका तीन मुख्य मानकों की सूची पेश करती है जो आईसीटी सुगम्यता की कसौटियों को परिभाषित करते हैं। यह मार्गदर्शिका ऐसे प्रभावशाली कार्रवाइयों की चरण-दर-चरण जाँच-सूची प्रस्तुत करती है, जिन्हें शहरों के नेता यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सकते हैं कि
उनके शहर इन मानकों से अवगत हैं तथा वे इनका उपयोग कारगर रीति से कर रहे हैं।

सबके लिए स्मार्ट शहर: आईसीटी सुगम्यता प्राप्ति नीति अपनाने के लिए एक मार्गदर्शिका

विश्व भर में स्मार्ट शहरों के सामने विद्यमान है एक महान अवसर, अर्थात अपनी उल्लेखनीय क्रय-शक्ति, जिसमें आईसीटी खरीदना भी शामिल है, का उपयोग करके अक्षमता-युक्त व्यक्तियों और बुजुर्ग जनों के अधिकारों को आगे बढ़ाने और उनके लिए डिजिटल समावेशन की व्यवस्था करने का अवसर। यह मार्गदर्शिका शहरों को ऐसी नीति अपनाने में मदद करती है जो इन शहरों के सभी आईसीटी खरीदों के अक्षमता-युक्त व्यक्तियों और बुजुर्ग जनों के लिए सुगम्य होने को अनिवार्य बनाती है। यह मार्गदर्शिका एक आदर्श प्राप्ति नीति प्रस्तुत करती है और उसे अपनाने के लिए एक चरण-दर-चरण जाँच-सूची स्पष्ट करती है।

सबके लिए स्मार्ट शहर: शहरों में डिजिटल समावेशन के प्रति अधिक दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाना क्यों आवश्यक है, इसे संप्रेषित करना

अधिक समावेशी स्मार्ट शहर निर्मित करने की राह में उपस्थित होने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है अक्षमता और आईसीटी सुगम्यता के बारे में जागरूकता बढ़ाना। इस उपकरण को शहर की डिजिटल सेवाओं में आईसीटी सुगम्यता को सम्मिलित करने के लाभों को प्रभावशाली रूप से संप्रेषित करने में मदद करने के लिए अभिकल्पित किया गया है। यह अक्षमता वाले लोगों के डिजिटल समावेशन के प्रति अधिक दृढ़ प्रतिबद्धता दिखाने के पक्ष में व्यावसायिक, मानवाधिकार-केंद्रित, और तकनीकी तर्क पेश करती है, और इसका उपयोग विभिन्न हितधारकों में इस विचार को प्रचारित करने के लिए किया जा सकता है कि स्मार्ट शहरों के लिए यह क्यों आवश्यक है कि वे सुगम्य शहर भी हों।

संपर्क:

info@smartcities4all.org

सबके लिए स्मार्ट शहर संसाधन

www.smartcities4all.org पर जाएँ और अतिरिक्त उपकरण डाउनलोड करें

सबके लिए स्मार्ट शहर: समाधानों का डेटाबेस (अल्फा संस्करण)

जो स्मार्ट शहर अपने कार्यक्रमों और समाधानों में आईसीटी सुगम्यता को समाविष्ट करते हैं, वे अपने अक्षमता-युक्त नागरिकों, बुजुर्ग नागरिकों, और अपनी समग्र आबादी को अत्यधिक लाभ पहुँचा सकते हैं। यह उपकरण उन उत्पादों और समाधानों को दर्शाने के लिए विकसित किया जा रहा है जिन्हें स्मार्ट शहर परिनियोजित करके अति-महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने नागरिकों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इन क्षेत्रों में शामिल हैं स्वतंत्र जीवन-यापन, सार्वजनिक सुरक्षा, परिवहन, रोज़गार, ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाएँ, आदि। इस डेटाबेस को अल्फा संस्करण के रूप में जारी किया जा रहा है, और इसमें शामिल हैं अवधारणा का प्रमाण नोट, परीक्षण नक्शा, डेटाबेस में वर्तमान में मौजूद 350 से अधिक समाधानों के उदाहरण, और इस डेटाबेस को बीटा संस्करण की ओर ले जाते हुए इस डेटाबेस की अभिवृद्धि को जारी रखने का आह्वान।